भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1979**

जिसका उत्तर 19 दिसंबर, 2022/28 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया गया

**बैंकों में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन तंत्र**

1979. श्रीमती भावना गवली (पाटील):
श्री कृपाल बालाजी तुमाने:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बैंकों से अपने धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए कहा है क्योंकि बैंक धोखाधाड़ी अभी भी बढ़ रही है;

(ख) सरकार/बैंकों द्वारा सुरक्षा खामियों को दूर करने और बैंकिंग धोखाधड़ियों की समुचित जांच सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान ऐसी धोखाधड़ी की बैंक-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

**(क) से (ग):** धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन को सशक्त बनाने के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने वर्ष 2016 में धोखाधड़ियों पर मास्टर निदेश जारी किया है जिसके तहत बैंकों को धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन और धोखाधड़ी जांच कार्य के लिए अपने संबंधित बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित आंतरिक पॉलिसी तैयार करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, उक्त निर्देश के अनुसार धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन, धोखाधड़ी की निगरानी और धोखाधड़ी का जांच कार्य बैंक के सीईओ, बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति और बोर्ड की विशेष समिति का दायित्व होना चाहिए। धोखाधड़ियों की जांच के लिए उठाए गए व्यापक कदमों के साथ बेहतर पहचान और रिपोर्टिंग से ऐसी धोखाधड़ियों में तेजी से कमी आयी है, वित्तीय वर्ष (विव) 2017-18 में 46,772 करोड़ रुपये से घटकर वि.वर्ष 2020-21 में 12,213 करोड़ रुपये और वर्तमान वित्तीय वर्ष के पहली छमाही के दौरान घटकर 67 करोड़ रुपये पर आ गई है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में 1 लाख रुपये और उससे अधिक राशि की वर्ष-वार धोखाधड़ियों के संबंध में बैंक-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

धोखाधड़ियों पर रोक लगाने और बैंकों में धोखाधड़ियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए उठाए गए व्यापक कदमों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

(1) धोखाधड़ियों के संबंध में आरबीआई के मास्टर निदेशों के अनुसार बैंकों को निर्धारित राशि से अधिक धोखाधड़ियों की सूचना पुलिस को देने, विशेष समिति द्वारा मामले की निगरानी और जांच करने, बैंक बोर्ड के लेखापरीक्षा समितियों के समक्ष त्रैमासिक सूचना देने और बैंकों द्वारा धोखाधड़ियों की वार्षिक समीक्षा करना आवश्यक है।

(2) धोखाधड़ियों जोखिम प्रबंधन और ऋण धोखाधड़ियों का जल्दी पता लगाने के लिए आरबीआई और जांच एजेंसियों को तत्परता से सूचना देने के लिए और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की कार्यवाही समय पर आरंभ करने के लिए आरबीआई ने ऋण धोखाधड़ियों और रेड़ फ्लैग्ड़ खातों (आरएफए) के संबंध में कार्रवाई

करने की रूपरेखा तैयार की है जिसमें बैंकों को प्रारंभिक चेतावनी के संकेतों का पता लगाकर या उसके मूल्यांकन के आधार पर संभाव्य धोखाधड़ी खातों को आरएफए के रूप में वर्गीकृत करना अपेक्षित है।

(3) आरबीआई ने बैंकों को (विधिक सर्च रिपोर्ट, संपत्ति मूल्यांकनकर्ता के रिपोर्ट आदि जैसे) अपूर्ण तृतीय पक्ष की सेवाओं और भारतीय बैंक संघ, जो ऐसे सेवा प्रदाताओं की सतर्कता सूची रखते हैं, को जालसाजों के साथ इन सेवा प्रदाताओं की मिलीभगत की सूचना देने के लिए अनुदेश दिया है।

(4) सरकार द्वारा वर्ष 2015 में 50 करोड़ रुपए से अधिक अंतर्ग्रस्त राशि वाली संदिग्ध धोखाधड़ियों से निपटने के लिए पीएसबी को 'बड़े मूल्य की बैंक धोखाधड़ी की समय पर पहचान करने, इसकी सूचना देने, जांच करने आदि के लिए फ्रेमवर्क' जारी किया गया;

(5) बैंकों द्वारा सूचित किए गए धोखाधड़ियों के संबंध में केन्द्रीय धोखाधड़ी रजिस्ट्री के रूप में समय पर पहचान, नियंत्रण और धोखाधड़ी जोखिम में कमी और ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया के दौरान समुचित सावधानी बनाए रखने के लिए भी ऑनलाइन सर्चेबल डेटाबेस तैयार किया गया है।

(6) गृह मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करने वाले इंडियन साइबर क्राइम कोओर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) द्वारा धोखाधड़ी की सूचना तत्काल देने और जालसाजों द्वारा निधियों की गलत तरीक से निकासी को रोकने के लिए वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली मॉड्यूल का परिचालन शुरू किया गया है।

(7) इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले दि इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिसपांस टीम (सीईआरटी-आईएन), नवीनतम साइबर चेतावनी और प्रत्युपाय के संबंध में चेतावनी और सुझाव जारी करता है।

(8) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को अधिकारियों/कर्मचारियों के रोटेशनल स्थानांतरण को सख्ती से सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, जालसाजों को रोकने के लिए भी उपाय किए गए हैं, जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित भी शामिल हैं :

i. भगौड़ा आर्थिक अपराधी की संपत्ति को जब्त करने, ऐसे अपराधियों की संपत्ति की कुर्की करने और अपराधी को किसी सिविल दावे का बचाव करने के हक से वंचित करने के लिए भगौड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 को अधिनियमित किया गया है।

ii. लुकआउट परिपत्र जारी करने के लिए अनुरोध करने हेतु पीएसबी के प्रमुखों को सशक्त किया गया है।

iii. आरबीआई के अनुदेशों और अपनी बोर्ड अनुमोदित नीतियों के अनुसार इरादतन चूककर्ताओं के फोटो को प्रकाशित करने के संबंध में निर्णय लेने के लिए पीएसबी को सरकार द्वारा परामर्श जारी किया गया है।

iv. पीएसबी को 50 करोड़ रुपये से अधिक ऋण सुविधा प्राप्त करने वाली कंपनियों के प्रवर्तक/निदेशक और अन्य प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के पासपोर्ट की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने की सलाह दी गई है।

*****

अनुबंध

**बैंकों में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन तंत्र से संबंधित लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1979,**
**अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा घटना के वर्ष-वार 1 लाख रुपये और उससे अधिक अंतर्ग्रस्त राशि से संबंधित धोखाधड़ियों की संख्या**

| बैंक | वित्तीय वर्ष 2017-18 | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 (जून 2022 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आदित्य बिड़ला आइडिया पेमेंटस बैंक लिमिटेड | -- | 24 | -- | -- | -- | -- |
| एयरटेल पेमेंट बैंक लिमिटेड | -- | -- | -- | 58 | -- | 1 |
| अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्पोरेशन | 337 | 226 | 168 | 87 | 61 | 21 |
| एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 4 | 9 | 9 | 11 | 6 | -- |
| ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड बैंकिंग ग्रुप लिमिटेड | -- | -- | 1 | -- | -- | -- |
| एक्सिस बैंक लिमिटेड | 372 | 372 | 344 | 506 | 595 | 44 |
| बंधन बैंक लिमिटेड | 56 | 56 | 26 | 30 | 17 | 3 |
| बैंक ऑफ अमेरिका, नैशनल एसोसिएशन | 16 | 10 | 4 | 2 | 2 | -- |
| बैंक ऑफ बहरीन और कुवैत बी.एस.सी. | -- | -- | -- | -- | 1 | -- |
| बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) | 211 | 128 | 125 | 88 | 71 | 5 |
| देना बैंक | 11 | 3 | बैंक ऑफ बड़ौदा में समामेलित | | | |
| विजया बैंक | 22 | 2 | | | | |
| बैंक ऑफ इंडिया | 148 | 146 | 101 | 49 | 54 | 2 |
| बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 64 | 86 | 33 | 19 | 12 | 2 |
| बैंक ऑफ नोवा स्कोटिया | 1 | -- | -- | -- | -- | -- |
| बार्कलेज बैंक पीएलसी | -- | -- | 1 | -- | -- | -- |
| बीएनपी पारिबास | -- | -- | 3 | 1 | -- | -- |
| केनरा बैंक | 111 | 96 | 57 | 35 | 23 | -- |
| सिंडिकेट बैंक | 169 | 78 | 37 | केनरा बैंक में समामेलित | | |
| केपिटल स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | -- | -- | -- | 1 | 2 | -- |
| कैथोलिक सिरॉन बैंक  लिमिटेड | 30 | 24 | 32 | 65 | 41 | 8 |
| सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 95 | 99 | 109 | 81 | 126 | 3 |
| सिटी बैंक एन.ए. | 210 | 275 | 247 | 117 | 137 | 7 |
| सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड | 13 | 9 | 11 | 16 | 6 | -- |
| कॉस्टाल लोकल एरिया बैंक लिमिटेड | -- | 1 | -- | 1 | -- | -- |
| को-आपरेटिव राबोबैंक यू.ए. | 2 | -- | -- | -- | -- | -- |
| क्रेडिट सुइस एजी | -- | -- | -- | 1 | -- | -- |
| डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड | 1 | 10 | 9 | 9 | 7 | -- |
| डीसीबी बैंक लिमिटेड | 9 | 10 | 14 | 8 | 4 | -- |
| डायचे बैंक एजी | 8 | 3 | 9 | 3 | 3 | -- |
| दोहा बैंक क्यूएससी | -- | -- | -- | -- | 1 | -- |
| इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 19 | 29 | 20 | 30 | 14 | 3 |
| ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 5 | 7 | 8 | 9 | 8 | 2 |
| फेडरल बैंक लिमिटेड | 46 | 49 | 38 | 71 | 34 | 3 |
| फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 2 | 19 | 4 | 5 | 10 | 1 |
| फिनो पेमेंट बैंक लिमिटेड | 3 | 19 | 30 | 23 | 25 | 2 |
| फर्स्टरण बैंक लिमिटेड | 1 | -- | -- | -- | -- | -- |
| एचडीएफसी बैंक लिमिटेड | 408 | 456 | 446 | 335 | 294 | 20 |
| हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉपोरेशन लिमिटेड | 302 | 222 | 241 | 140 | 85 | 9 |
| आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड | 562 | 491 | 677 | 556 | 1198 | 63 |
| आईडीबीआई बैंक लिमिटेड | 159 | 178 | 153 | 116 | 102 | 18 |
| आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड | 34 | 67 | 93 | 62 | 17 | -- |

| बैंक | वित्तीय वर्ष 2017-18 | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 (जून 2022 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक लिमिटेड | -- | 1 | 7 | 2 | 1 | -- |
| इंडियन बैंक | 76 | 75 | 71 | 60 | 48 | 3 |
| इलाहाबाद बैंक | 143 | 56 | 10 | इंडियन बैंक में समामेलित | | |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | 90 | 95 | 65 | 39 | 24 | -- |
| इंडसइंड बैंक लिमिटेड | 46 | 82 | 120 | 367 | 1098 | 108 |
| जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड | 13 | 12 | 5 | 3 | 5 | -- |
| जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 15 | 32 | 57 | 29 | 26 | 6 |
| जेपी मार्गेन चेस बैंक नैशनल एसोसिएशन | -- | -- | -- | 1 | -- | -- |
| कर्नाटक बैंक लिमिटेड | 17 | 17 | 50 | 6 | 6 | -- |
| करूर वैश्य बैंक लिमिटेड | 32 | 23 | 24 | 5 | 21 | -- |
| केईबी हाना बैंक | 1 | -- | -- | -- | -- | -- |
| कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड | 289 | 384 | 653 | 828 | 896 | 189 |
| कृष्णा भीमा समृद्धि लैब लिमिटेड | -- | -- | -- | 1 | -- | -- |
| लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड | 43 | 49 | 31 | 5 | -- | -- |
| नैनीताल बैंक लिमिटेड | 5 | -- | 5 | 4 | 2 | -- |
| नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | -- | 2 | 3 | 6 | 2 | -- |
| एनएसडीएल पेमेंटस बैंक लिमिटेड | -- | -- | -- | 1 | 1 | -- |
| पेटीएम पेमेंटस बैंक लिमिटेड | -- | 2 | 1 | -- | -- | -- |
| पंजाब एंड सिंध बैंक | 28 | 19 | 38 | 51 | 2 | -- |
| पंजाब नैशनल बैंक | 202 | 136 | 117 | 79 | 73 | 4 |
| ओरिएंटल बैाक ऑफ कॉमर्स | 29 | 14 | 8 | पंजाब नैशनल बैंक में समामेलित | | |
| युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया | 22 | 65 | 25 | | | |
| आरबीएल बैंक लिमिटेड | 27 | 36 | 57 | 44 | 41 | 3 |
| एसबीएम बैंक (इंडिया) लिमिटेड | 2 | 1 | 1 | 1 | -- | -- |
| सिनहान बैंक | -- | -- | -- | 2 | -- | -- |
| शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक | -- | -- | 1 | -- | -- | -- |
| सोनाली बैंक | -- | -- | 1 | -- | -- | -- |
| साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड | 29 | 55 | 32 | 31 | 42 | 3 |
| स्टैंडर्ड चार्टड बैंक | 96 | 91 | 229 | 126 | 85 | 9 |
| भारतीय स्टेट बैंक | 966 | 1008 | 748 | 369 | 330 | 8 |
| सुमितोमो मितुसुई बैंकिंग कार्पोरेशन | -- | -- | -- | 1 | -- | -- |
| सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 7 | 1 | 12 | 13 | 3 | 2 |
| तमिनाड मर्केंटाइल बैंक लिमिटेढ | 39 | 42 | 44 | 45 | 14 | -- |
| दि बैंक ऑफ टोकियो-मित्सुबिशी यूएफो लिमिटेड | 1 | 1 | -- | -- | -- | -- |
| दि धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड | 8 | 19 | 5 | 1 | 2 | -- |
| यूको बैंक | 61 | 85 | 144 | 194 | 64 | -- |
| उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 11 | 13 | 34 | 27 | 16 | -- |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 172 | 113 | 122 | 93 | 60 | -- |
| आंध्रा बैंक | 55 | 35 | 4 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में समामेलित | | |
| कॉर्पोरेशन बैंक | 20 | 12 | 4 | | | |
| युनाइटेड ओवरसीज बैंक लिमिटेड | 1 | -- | -- | -- | -- | -- |
| उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 8 | 10 | 7 | 11 | 1 | -- |
| वूरी बैंक | -- | -- | 1 | | -- | -- |
| यस बैंक लिमिटेड | 51 | 61 | 42 | 35 | 23 | -- |

*स्रोत: आरबीआई*

*****